समाचार

26 मार्च को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 25 मार्च 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट शनिवार 26 मार्च को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 मार्च शनिवार को वार्ड क्र. 02 गणेश पण्डाल गेरवाघाट के पास, वार्ड क्र. 14 वार्ड कार्यालय पम्प हाउस के पास, वार्ड क्र. 21 कांशीनगर आंगनबाड़ी के पास गांधी पुतला, वार्ड क्र. 37 दैहानपारा सामुदायिक भवन शिव मंदिर, वार्ड क्र. 42 शांतिनगर न्यू शांतिनगर स्टेज मंच, वार्ड क्र. 49 अगारखार ऊर्जा द्वार गेट के पास, वार्ड क्र. 54 सर्वमंगला मंदिर आश्रम के पास, वार्ड क्र. 66 बांकीमोंगरा शिव मंदिर के पीछे स्टेज के सामने कैम्प लगाए जाएंगे।